राजपुरा दरीबा में एक दिवसीय कार्यशाला

नवज्योति/रेलमगरा। खान सुरक्षा महानिदेशालय उदयपुर क्षेत्र के तत्वाधान में मेसर्स हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स में इफेक्टिव फंक्शनिंग ऑफ ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग इन कम्पलायंस विथ स्टेट्यूटरी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यक्रम में खान सुरक्षा निदेशक उदयपुर क्षेत्र बी दयासागर, खान सुरक्षा निदेशक अजमेर क्षेत्र सं 1 सुरजीत कटेवा तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेशक व उपनिदेशक के साथ राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के आईबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड तथा आगूचा के आईबीयू सीईओ किशोर कुमार सहित हिन्दुस्तान जिंक, वंडर सीमेंट, आरके मार्बल्स, जेके सीमेंट एवं अल्ट्राटेक सीमेंट की खदानों के ग्रुप वीटीसी प्रभारी, माइंस मैनेजर एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर खान सुरक्षा निदेशक उदयपुर क्षेत्र बी दयासागर ने कहा कि ग्रूप वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर हमारे सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह कार्यशाला सभी उदयपुर वीटीसी में सेफ्टी फर्स्ट संस्कृति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला में डीजीएमएस एवं सभी टीमों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं फीडबैक लिया गया।